**Regarding need to make village cooperative societies as procurement centres for procurement of Mustard seeds at MSP in Rajasthan particularly in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid**

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** मेरे संसदीय क्षेत्र झुंझुनूं सहित राजस्थान प्रदेश में सरसों का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में होता है । देश का लगभग 48 प्रतिशत सरसों का उत्पादन अकेले राजस्थान में होता है । यहां किसानों को सरसों की फसल का उचित भाव नहीं मिलता है । खरीद केंद्र दूर होने के साथ साथ वहां पर लंबी लंबी लाइनें लगती हैं । उसके बावजूद किसानो से उनकी फसल भी नहीं खरीदी जाती हैं । बीच बीच में खरीद केन्द्र पर फसल खरीदना भी बंद कर दिया जाता है । और अगर खरीदी जाती भी हैं तो वह पूरी और उचित भाव पर नहीं खरीदी जाती है । मेरा सरकार से आग्रह है कि सरसों की खरीद में MSP की क़ानूनी गारंटी देते हुए हर ग्राम सहकारी समिति को खरीद केन्द्र बनाते हुए सरसों खरीदी जाए । जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित भाव मिल सके और ग्राम सहकारी समितियां खरीद केन्द्र बनने से किसानो का खर्चा और समय की भी बचत होगी ।